झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/06/23–89 ,राँची/दिनांकः 25/10/2023

डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2023 के आधार पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम अधीन विभिन्न शाखाओं में पार्श्विक प्रवेश के अंतर्गत नामांकन हेतु अनुशंसा के निमित्त विशेष चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

तकनीकी शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांकः– त0शि0प्र0/विविध/–03/2023(छायासंचिका)–1002 दिनांक–25.10.2023 के आलोक में राज्य के पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2022–23 के डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के तृतीय सेमेस्टर/द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु अनुशंसा के निमित्त पर्षद द्वारा आयोजित डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2023 के परीक्षाफल के आधार पर आयोजित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (अंतिम) चक्र ऑनलाईन साक्षात्कारों के उपरांत रिक्त बचे सीटों के लिए पर्षद द्वारा दिनांक–26.10.2023 से विशेष चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है।

2. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र/पत्रों की मूल–प्रति आवंटित संस्थान में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप, सूचना–विवरणिका/पर्षद के वेबसाईट के"Download"कॉलम में उपलब्ध है।

3. सीट आवंटन हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Click Here for All Online Counselling" के अंतर्गत "Online Counselling for Diploma Lateral Admissions-2023" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।

4. **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं का प्राथमिकता के अनुसार विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक वैसे विकल्पों को हीं भरें जिसमें वे नामांकन कराने के लिए ईच्छुक हों।**

5. साक्षात्कार शुल्कः– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gatway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non – refundable) होगा :–

Sl. No.	Category	Counselling Fee
a.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
b.	SC/ST/Female Candidate of all Categories	Rs. 250.00

6. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अद्यःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि, उपरोक्त कंडिका–5 में वर्णित विधि के हीं अनुसार, जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन करा कर अध्ययन जारी

रखते हैं तो पर्षद द्वारा उनसे ली गयी आंशिक नामांकन शुल्क की राशि संबंधित संस्थान को उनके शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा यह राशि पर्षद द्वारा जब्त (Seize) कर ली जायेगी। संबंधित परीक्षा के आधार पर नामांकित अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन शुल्क की राशि देय नहीं होगी।

7. वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में आयोजित साक्षात्कार/साक्षात्कारों के आधार पर नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर शाखा एवं/या संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं तो वे इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि इस साक्षात्कार में सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित शाखा एवं/या संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनका पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा तथा उनके द्वारा रिक्त किये गये सीट पर किसी दूसरे अभ्यर्थी को मेधा–सह– ईच्छा के आधार पर पर्षद द्वारा अनुशंसित किया जायेगा।

8. विशेष चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार तथा नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् हैः–

(A) Time-Schedule for Special Round of Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Diploma Course

S. N.	Activity	Date
a.	Display of Vacant Seat Matrix for Special Round	26/10/2023
b.	Starting Date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment	26/10/2023
c.	Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment	27 /10/2023 (Upto 04:00pm)
d.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	28/10/2023 to 29/10/2023 (Upto 04:00pm)
e.	Certificates/Documents Verification & Admission in the Concerned Institute	28/10/2023 to 29/10/2023 (Upto 04:00pm)

9. इस साक्षात्कार में आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

10. अनुशंसित अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय तक आवंटित संस्थान में नामांकन नहीं कराने पर उनका औपबंधिक सीट आवंटन पत्र स्वतः रद्द समझा जायेगा।

11. राजकीय, गैर–राजकीय एवं पी0पी0पी0 मोड पर संचालित पोलिटेकनिक संस्थानों को निदेशित किया जाता है कि इस साक्षात्कार से नामांकन हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकनोपरांत रिक्त सीटों की विवरणी पर्षद कार्यालय को दिनांक 29.10.2023 के अपराह्न 06:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार,

25/10/23

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक